प्रथम सूचना रिपोर्ट

1.जिला गुडगांव   थाना एस.वी.बी   वर्ष 2016   प्र.सू.रि.स   20   दिनांक 21.09.2016

2.अधिनियम   पी.सी एक्ट 49/88   धाराएं 7 पी.सी एक्ट

अन्य अधिनियम एंव धाराएं –

(क) घटना का दिन   बुधवार   दिनांक से दिनांक   21.09.2016

(ख) थाने पर प्राप्त सूचना   दिनांक   21.09.2016   समय 04.45 पी.एम

(ग) (रोजनामचा संदर्भ)   (प्राविष्टि संख्या)   09   समय 05.00 पी.एम

4.(सूचना कैसे प्राप्त हुई) बजरिया स्पैशल मैसेंजर (लिखित/मौखिक) : लिखित

5. घटना स्थन का ब्यौरा   (क) (थाने से दिशा एंव दूरी) पश्चिम लगभग 12 कि0मी0

(ख) पताः– बसई चौक।

(ग) (यदि इस थाने की सीमा से बाहर हो, तब उस) (उस थाने का नाम)– सैक्टर 10 गुडगांव जिला गुडगांव

6. (शिकायतकर्ता/इतला देने वाला) :–

(क) नाम : विरेन्द्र कुमार   (ख) (पिता/पति का नाम) श्री बलजीत सिंह

(ग) (जन्म तिथि)   (घ) (राष्ट्रीयता) भारतीय

(ड) पासपोर्ट सं0

(जारी करने की तिथि)   (जारी करने का स्थान)

(च) (व्यवसाय)   (पता) गांव दौलताबाद जिला गुडगांव।

7. (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्तों का पूर्ण विवरण)

1. शशिभान,PA, DTPO, MCG गुडगांव।
2. विक्की डिलिंग हैंड।
3. औम J.E.

इस समय एक तहरीर हिन्दी हस्ताक्षरी निरीक्षक सत्यप्रकाश राज्य चौकसी ब्यूरो गुडगांव बदस्त HC दीपक न0 1011/रेवाडी बराये कायमी मुकदमा थाना हजा में प्राप्त हुई, जिसका मजबून जैल है, " सेवा मे डी0एस0पी0 राज्य चौकसी ब्यूरो गुडगांव निवेदन है कि मै विरेन्द्र कुमार पुत्र श्री बलजीत सिंह गांव दौलताबाद का हुं और मेरा

दौलताबाद रोड पर हार्डवेयर का काम है। मैने एक प्लाट राजेन्द्रा पार्क आनन्द गार्डन पुलिस थाने के पास 180 गज का प्लाट लिया है। जिस पर मेरा मकान का काम कर रहा हुँ। दिनांक 03.08.2016 को बी0डी0पी0ओ0 कार्यालय से एक नोटिस आया था जिस पर मै 10.08.16 को D.T.P.O. कार्यालय मे पेश हुआ जहा पर मेरी मुलाकात शशिभान (PA) D.T.P.O. से हुई नोटिस पर कार्यवाही न करने के लिए मुझसे 40,000/– रुपये नकद लिये थे। लेकिन अब दौबारा से एक नोटिस मिमो न0 MCG/ENF/AE-1/2016/868 दिनांक 08.09.2016 को मेरे को फिर प्राप्त हुआ। नोटिस के बारे मे दौबारा बातचीत करने के लिए शशिभान से मिला और बातचीत की। जिस पर शशिभान ने कहा कि जो पैसे आपने मुझे दिये थे वो पैसे तो SDO अमित ले गया और उसकी बदली हो गई है। उसकी जगह अब V.K. डिलिंग हैण्ड है। ओम जे0ई0 आ गया है। अब ये दोनो आपकी फाईल निकालकर आपको दे देंगे और वो दोनो 2 लाख रुपये मांग रहे है। मेरे सामने ही विक्की से फोन पर बात की जिसकी मेरे अपने फोन से आवाज रिकार्डिंग की हुई है। जे0ई0 से मेरे सामने बात हुई है। अब मे रिश्वत के पैसे नही देना चाहता। कृप्या करके कानूनी कार्यवाही की जाये। हस्ता0 अग्रेजी विरेन्द्र कुमार गांव दौलताबाद 9910470004 दिनांक 21.09.16" कार्यवाही पुलिस– आज मन निरीक्षक हाजिर थाना हुँ कि एक लिखित दरखास्त मार्कशुदा DSP साहब विजिलैन्स गुडगांव जिसमे विरेन्द्र कुमार उपरोक्त की दरखास्त जिसमे वह DTPO कार्यालय से नोटिस प्राप्त हुआ था जो दरखास्त के मजबून से सूरत जुर्म जेर 7 पी0सी0 एक्ट का सरजद होना पाया जाने पर तहरीर हजा बराये कायमी मुकदमा हवाले HC दीपक न0 1011/रेवाडी की जाकर हिदायत दी की मुकदमा दर्ज करवाकर स्पैशल रिपोर्ट इलाका मजिस्ट्रेट वा सम्बन्धित अफसरान बाला की सेवा मे बिना किसी देरी के भिजवाई जावे तथा मन निरीक्षक आगामी कार्यवाही हेतु एक रैडिंग पाटी का गठन किया जिसमे प्रकाश चन्द SI न0 258/H, बंसीधर SI No. 233/H, देवदत्त SI न0 3/4, HC दीपक न0 1011/रेवाडी, HC प्रेम कुमार न0 83/FTB को शामिल किया तथा मन निरीक्षक मय रैडिंग पार्टी मय तफतीशी बैंग के बा सवारी गाडी सरकारी न0 HR-68-8353 चालक HC रामानन्द के रवाना उपयुक्त कार्यालय गुडगांव का होता हुँ। हस्ता– अग्रेजी सत्यप्रकाश निरीक्षक रा0चौ0ब्यूरो गुडगांव दिनांक 21.09.16 समय 4:40 पी0एम0 अज थाना– आमदा तहरीर पर मुकदमा हजा बा जुर्म मजकूर दर्ज रजिस्टर किया गया। FIR की पांच प्रतियां बजरिया कार्बन एक ही समय मे चाक की गई। जो सेवा मे ईलाका मजिस्ट्रेट साहब गुडगांव व अफसरान बाला को नियमानुसार भेजी जाएगी। एक पर्त FIR बतौर स्पैशल रिपोर्ट सेवा मे ईलाका मजिस्ट्रेट सहाब गुडगांव बदस्त आरिन्दा HC दीपक भेजी जा रही है। मिशल पुलिस मय आमदा तहरीर भी मौका पर पहुचाने हेतु इसी HC के हवाले की गई।

हस्ता अग्रेंजी/– कुलवन्त सिंह
थाना प्रभारी का नाम
नाम : कुलवन्त सिंह
पद : निरीक्षक
सख्यां : 55/SR
दिनांक 21.09.16 AT 06.50 PM

POL... थाना ... Gurgao... Ra... G...gaon